* श्री *

श्रीदत्तात्रेयप्रणीत

अवधूत गीता

भाषाटीका सहितः



भाषांतरकर्ता,
श्री बनमाली चतुर्वेदी

प्रकाशक
किशनलाल द्वारकाप्रसाद
बम्बई भूषण प्रेस, मथुरा।

Printed at the Bombay Bhushan Press,
MUTTRA.

सन् १९३४ मूल्य ।।) आना

* श्रीगणे

* अ

* भाषाटीका सहिता *

ईश्वरानुग्रहादेव पुंसामद्वैतवासना ।
महद्भयपरित्राणा विप्राणामुपजायते ॥ १ ॥

बडे भय से रक्षा करनेवाली अभेदबुद्धि पुरुष श्रेष्ठ ब्राह्मणों में उत्पन्न होती है ॥ १ ॥

येनेदंपूरितं सर्वमात्मनैवात्मनात्मनि ।
निराकारंकथंवन्दे ह्यभिन्नंशिवमव्ययम् ॥ २ ॥

जिसने अपने आत्मारूप माया से इस सब विश्वको अपने चीत्तमें रचा है वह निराकार है, सबमें व्याप्त है, कल्याणरूप है, अविनाशीहै, उसकी किसतरह वन्दनाकरूं॥२॥

पञ्चभूतात्मकं विश्वं मरीचिजलसन्निभम् ।
कस्याप्य हो नमस्कुर्यामहमेको निरञ्जनः॥३॥

पृथ्वी जल तेज वायु आकाश इन पांच तत्वों से बना हुआ जो जगत है सो मृगतृष्णाके जलके समान झूठा है मैं एक और निरंजन हूं अहो ! मैं किसके लिये नमस्कार करूं ॥ ३ ॥

आत्मैव केवलं सर्वं भेदाभेदो न विद्यते ।
अस्तिनास्तिकथं ब्रूयां विस्मयःप्रतिभाति मे४

केवल आत्मा ही सबमें है इसमें भेद और अभेद कुछ नहीं है इसके सम्बन्ध में अस्ति नास्ति (है वा नहीं है) किस तरह कहा जाय ये मुझको बड़ा आश्चर्य मालुम होता है ॥

वेदान्तसारसर्वस्वं ज्ञानविज्ञानमेव च ।
अहमात्मानिराकारःसर्वव्यापी स्वभावतः॥५॥

वेदान्तोंका सार सर्वस्व यही है और यही ज्ञान, विज्ञान है कि स्वभाव से सब में वर्तने वालों और निराकार जो आत्मा है वह मैं ही हू ॥ ५॥

यो वै सर्वात्मको देवो निष्कलो गगनोपमः ।
स्वभाव निर्मलःशुद्धःसएवाहं न संशयः ॥६॥

जो देव सबकी आत्मा है कला रहित है आकाश के समान है स्वभाव से निर्मल और शुद्ध है वही मैं हूँ इसमें संदेह नहीं है ॥ ६ ॥

अहमेवाव्ययोऽनन्तःशुद्धविज्ञानविग्रहः ।
सुखं दुःखं न जानामि कथं कस्यापिवर्तते॥७॥

मैंही अविनाशी और अनन्त (जिसका अन्त नहीं है) हूं शुद्ध ज्ञानस्वरूप मैं ही हूं। सुख और दुःख किसको और किसतरह उपस्थित होते हैं यह मैं नहीं जानता हूं॥७॥

न मानसं कर्म शुभा शुभं मे।
न कायिकं कर्म शुभाशुभं मे॥
न वाचिकं कर्म शुभाशुभं मे।
ज्ञानामृतं शुद्धमतींद्रियोऽहम्॥८॥

मेरे बीच में मन संबन्धी शुभ अशुभ कर्म नहीं हैं शरीर संबन्धी शुभ अशुभ कर्म नहीं हैं वाणी संबन्धी शुभ अशुभ कर्म मुझमें नहीं हैं मैं ज्ञानअमृत स्वरूप हूं, शुद्ध हूं और इन्द्रियों से परे हूं॥ ८॥

मनो वै गगनाकारं मनो वै सर्वतोमुखम्।
मनोऽतीतं मनः सर्वं न मनः परमार्थतः॥९॥

मन आकाश के समान है मन चारों तरफ से मुखवाला है मन परे है मनही सबहै वास्तव में आत्मा से अतिरिक्त कुछ नहीं है॥ ९॥

अहमेकमिदं सर्वं व्योमातीतं निरन्तरम्।
पश्यामि कथमात्मानं प्रत्यक्षं वातिगोहितं १०

यह सब विश्व आकाश से परे और सदा है यह मैं देखताहूं परन्तु आत्मा प्रत्यक्ष है वा छिपा हुआ यह मैं किस तरह से देख सकता हूं॥ १०॥

त्वमेवमेकं हि कथं न बुध्यसे।
समं हि सर्वेषु विमृष्टमव्ययम्॥

सदोदितोऽसि त्वमखण्डितः प्रभो !
दिवा च नक्तं च कथं हि मन्यसे ॥११॥

तुम एक हो, इसलिए समता क्यों नहीं देखते हो, तुम संपूर्ण प्राणियों में अविनाशी और समभाव में रहते हो हे प्रभो ! तुम सदा प्रकाश रूप और अखण्डित हो फिर दिन और रात को किस प्रकार मानते हो ॥ ११ ॥

आत्मानं सततं विद्धि सर्वत्रैकं निरन्तरम् ।
अहं ध्याता परं ध्येयमखण्डं खण्ड्यते कथम् १२

आत्मा सदा सब जगह एक है और नित्य है यह जानो मैं ध्यान करने वाला और परमध्येय अर्थात् ध्यानके योग्य हूं यह कहकर उस अखण्डित पुरुष को किस प्रकार से खण्डित करते हो ॥ १२ ॥

न जातो न मृतोऽसि त्वं न ते देहः कदाचन ।
सर्वं ब्रह्मेति विख्यातं ब्रवीति बहुधा श्रुतिः॥१३॥

न तूने जन्म लिया है, न मरा है, न तेरा कभी शरीर है सब ब्रह्म हैं इस बात को श्रुति अनेक प्रकार से कहती हैं १३

सबाह्याभ्यन्तरोऽसि त्वं शिवः सर्वत्र सर्वदा ।
इतस्ततः कथं भ्रान्तः प्रधावसि पिशाचवत् १४

तू बाहर है और भीतर है सब जगह सदा शिव रूप है इधर उधर पिशाचकी तरह क्यों घमता फिरता है ॥१४॥

संयोगश्च वियोगश्च वर्तते न च ते न मे ।
न त्वं नाहं जगन्नेदं सर्वमात्मैव केवलम् ॥ १५ ॥

तेरा और मेरा न संयोग है, न वियोग है, न तू है न मैं हूं न येजगत् है सब जोकुछ है केवल ब्रह्मही है। १५।

शब्दादिपञ्चकस्यास्य नैवासि त्वं न ते पुनः ।
त्वमेव परमं तत्वमतः किं परितप्यसे ॥ १६ ॥

शब्द, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, इनके बीचमेंतू नहीं है और न वे तेरे बीचमें हैं तू परम तत्व है इससे क्यों सन्ताप करता है ॥ १६ ॥

जन्म मृत्युर्न ते चित्तं बन्धमोक्षौ शुभाशुभौ ।
कथंरोदिषि रे वत्स नामरूपं न ते न मे ॥ १७ ॥

न तेरा जन्म है न मृत्यु है न तेरा चित्त है न बन्धन और मोक्ष है न शुभ और अशुभ है अतएव रे वत्स ! तू क्यों रोता है ? यह सब नाम और रूपमात्र है न तेरा है न मेरा है ॥ १७ ॥

अहो चित्त कथं भ्रान्तः प्रधावसि पिशाचवत् ।
अभिन्नं पश्य चात्मानं रागत्यागात्सुखी भव १८

हेचित्त ! तूबड़ाकरपिशाचकी तरह क्योंदौड़ता फिरता है आत्मा को अभिन्न भाव में देख और विषयों को छोड़कर सुखी हो ॥ १८ ॥

त्वमेव तत्वं हि विकार वर्जितं ।
निष्कम्पमेकं हि विमोक्ष विग्रहम् ॥
न ते च रागो ह्यथवा विरागः ।
कथं हि संतप्यसि कामकामतः ॥ १९ ॥

तूही विकार तत्व एक निष्फल और मोक्षस्वरूप है न तेरे राग है न विराग है फिर विषय वासना में लीन होकर क्यों सन्ताप करता है ॥ १९ ॥

वदन्ति श्रुतयः सर्वा निर्गुणं शुद्धमव्ययम् ।
अशरीरं समं तत्वं तन्मां विद्धि न संशयः २०

सब श्रुति कहती हैं कि ईश्वर निर्गुणहै शुद्ध है अविनाशी है उसके शरीर नहीं है समान है तत्व है वह मैं ही हूं सो जान इसमें सन्देह नहीं है ॥ २० ॥

साकारमनृतं विद्धि निराकारं निरन्तरम् ।
एतत्तत्त्वोपदेशेन न पुनर्भवसंभवः ॥ २१ ॥

साकार झूठा है निराकार नित्य है यह जान, इसी तत्व के उपदेशसे फिर संसार में नही आवेगा ॥ २१ ॥

एकमेव समं तत्वं वदंति हि विपश्चितः ।
रागत्यागात्पुनाश्चित्तमेकानेकं न विद्यते ॥२०॥

विद्वान कहते हैं कि एक ही समान तत्व है विषयों को छोड़ देने से चित्त एकाग्र होजाता है फिर डामाडोल नहीं होता है ॥ २२ ॥

अनात्मरूपं च कथं समाधि-
रात्मस्वरूपं च कथं समाधिः ॥
अस्तीति नास्तीति कथं समाधि-
र्मोक्षस्वरूपं यदि सर्वमेकम् ॥२३॥

जो आत्माका रूप नहीं हैं तौ फिर समाधि किस तरह होसकती है और जो अपनाही स्वरूप है तौ भी समाधि कैसेहै ये पदार्थ है ये नहीं है इस प्रकार जो बुद्धि में कल्पनाहै तौभी समाधि कैसे है ये सब एकहै और मोक्ष स्वरूप है ॥ २३ ॥

विशुद्धोऽसि समं तत्त्वं विदेहस्त्वमजोऽव्ययः।
जानामीह न जानामीत्यात्मानं मन्यसेकथं २४

तू शुद्ध है समान तत्व है देह रहित है अजन्मा है अविनाशी है मैं जानताहूं और नही जानता हूं तू आत्माको किस तरह मानता है॥ २४ ॥

तत्वमस्यादिवाक्यैश्चस्वात्माहिप्रतिपादितः ।
नेतिनेतिश्रुतिर्ब्रूयादनृतं पाञ्चभौतिकम् ।२५

वह तू है इत्यादि वाक्यों से आत्मा प्रतिपादन किया जाता है यह भी नहींहैयह भी नहीं है इस प्रकार से श्रुति इस [१] पंचभूत से बनेहुए विश्वको झूठा बतलाती है२५

१ पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, ये पांच तत्व हैं ।

आत्मन्येवात्मना सर्वं त्वया पूर्णं निरन्तरम्।
ध्याता ध्यानं न ते चित्तं निर्लज्जं ध्यायतेकथं२६

तुमने अपने बीच में आत्मासे सब विश्वको पूर्ण किया है तू ध्यान करने वाला है दूसरे के ध्यान में नहीं आताहै फिर निर्लज्ज होकर क्यों ध्यान करता है ॥ ३६ ॥

शिवं न जानामि कथं वदामि ।
शिवं न जानामि कथं भजामि ॥
अहं शिवश्चेत्परमार्थ तत्वं ।
समस्वरूपं गगनोपमं च॥ २७ ॥

शिवको मैं नहीं जानताहूं किसतरह बताऊं शिवको जानता नहींहूं किसतरह भजूं यदि मैंही शिवहूं तौ परम-तत्वरूपहूं समान स्वरूपहूं आकाशके समानहूं ॥ ३७॥

नाहं तत्वं समं तत्वं कल्पनाहेतुवर्जितम् ।
ग्राह्यग्राहकनिर्मुक्तं स्वसंवेद्यं कथं भवेत्॥२८॥

कल्पना और हेतु इनसे रहित जो समानतत्व है वह मैं नहीं हूं ग्राह्य=ग्रहण करने योग्य और ग्राहक=ग्रहण करनेवाला ये दौनों बात उसमें नहीं हैं अर्थात् न तौ वह किसी से ग्रहण किया जाताहै न वह किसीको ग्रहण करता है वह ऐसा ईश्वर अपने आप किसप्रकार जाना जा सकता है ॥ २८ ॥

अनंतरूपं न हि वस्तु किंचित्।
तत्वस्वरूपं नहि वस्तु किंचित्॥
आत्मैकरूपं परमार्थतत्वं।
न हिंसको वापि न चाप्यहिंसा ॥२९॥

कोई वस्तु अनंतरूप नहीं है, कोई वस्तु तत्स्वरूप भी नहीं है. परम अर्थ और तत्वका स्वरूप एक आत्मा ही है, इसमें हिंसा और अहिंसा का कुछभी भाव नहीं है २९

विशुद्धोऽसि सम तत्वं विदेहमजमव्ययम्।
विभ्रमं कथमात्मार्थे विभ्रान्तोऽहं कथं पुनः ३०

तू विशेष शुद्ध है समान तत्वहै देहरहित है अजन्माहै और विनाशरहित है फिर आत्माके अर्थ भ्रम क्यों है और मैं और तू क्यों चक्कर में पड़े हैं॥ ३०॥

घटे भिन्ने घटाकाशं सुलीनं भेदवर्जितम्।
शिवेन मनसा शुद्धो न भेदः प्रतिभाति मे ३१

घडे के फूट जाने पर जो घडे के भीतर आकाश है वह महा आकाश में लीन होजाता है और उसमें भेद नहीं रहता है इसीप्रकार मनके शुद्ध होने पर जीव शिवमें लीन होजाता है मुझको भेद नहीं मालूम होताहै॥ ३१॥

न घटो न घटाकाशो न जीवो जीवविग्रहः।
केवलं ब्रह्म संविद्धि वेद्यवेदकवर्जितम्॥ ३२॥

न घड़ा है, न घटाकाश (घड़े का आकाश है,) न जीव है न जीव का शरीर है, ज्ञानने योग्य और जानने वाला इन दोनों से वर्जित वह ब्रह्म है सो जान ॥ ३२ ॥

सर्वत्र सर्वदा सर्वमात्मानं सततं ध्रुवम् ।
सव शून्यमशून्यं च तन्मां विद्धि न संशयः ३३

सव जगह सदां सबका स्वरूप आत्मा है सर्वव्यापी है और नित्यहै और सव शून्य है और शून्य रहित है वह मैं हूं सो जान इसमें संदेह नही है ॥ ३३ ॥

वेदा न लोका न सुरा न यज्ञा ।
वर्णाश्रमौ नैव कुलं न जातिः ॥
न धूममार्गो न च दीप्तिमार्गो ।
ब्रह्मैकरूपं परमार्थतत्वम् ॥ ३४ ॥

न वेद हैं न लोकहैं न देवता हैं न यज्ञहैं न वर्णाश्रम है न कुलहै न जाति है न धूममार्ग है न तेज का मार्ग है एक ब्रह्मरूपही परमार्थ का तत्वहै ॥ ३४ ॥

व्याप्यव्यापकनिर्मुक्तं त्वमेकः सफलो यदि ।
प्रत्यक्षं चापरोक्षं च ह्यात्मानं मन्यसे कथम् ३५

व्याप्त होने के योग्य और व्यापक इनसे भिन्न जो एक तुमहो यदि सब में होतो आत्मा को प्रत्यक्ष और परोक्ष कैसे मानते हो ॥ ३५ ॥

अद्वैतं केचिदिच्छन्ति द्वैतमिच्छन्ति चापरे।
समं तत्वं न विन्दंति द्वैताद्वैतविवर्जितम् ।३६।

कोई द्वैत को मानते हैं कोई अद्वैत को मानते हैं द्वैत और अद्वैत से भिन्न जो समान तत्व है उसको नहीं प्राप्त होते हैं।

श्वेतादिवर्णरहितं शब्दादिगुणवर्जितम् ।
कथयन्ति कथं तत्वं मनोवाचामगोचरम् ॥

श्वेतादिवर्ण से रहित हैं शब्द, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श. इन गुणोंसे वर्जित है मन और वाणी जिसमें पहुँचते नहीं हैं ऐसे तत्वको आदमी किस प्रकार कहते हैं॥ ३७॥

यदाऽनृतामिदं सर्वं देहादिगगनोपमम् ।
तदा हि ब्रह्म संवेत्ति न ते द्वैतपरंपरा ॥३८॥

जब देहादि ये सब विश्व झूँठा है तब आकाश के समान ब्रह्मही है यह जानों तुह्मारे बीच भेद नहीं है॥ ३८॥

परेण सहजात्मापि ह्यभिन्नः प्रतिभाति मे ।
व्योमाकारं तथैवैकं ध्याता ध्यानं कथं भवेत्३९

मुझको मालूम होता है कि परमेश्वर से जीवात्मा अलग नहीं है यह जीव आकाश के आकार का है एक है ध्यान करने वाला है॥ ३९॥

यत्करोमि यदश्नामि यज्जुहोमि ददामि यत्।

एतत्सर्वं न मे किंचिद्विशुद्धोऽहमजोऽव्ययः॥४०

जो काम मैं करता हूं जो खाताहूं जो हवन करता हूं जो देता हूं ये सब मेरा कुछ नहीं है मैं शुद्ध हूं अजन्माहूं और नाशरहित हूं ॥ ४० ॥

सर्वं जगद्विद्धि निराकृतीदं ।
सर्वं जगद्विद्धि विकारहीनम् ॥
सर्वं जगद्विद्धि विशुद्धदेहं ।
सर्वं जगद्विद्धि शिवैकरूपम् ॥ ४१ ॥

इस सब जगत्को निराकार जानो सब जगत् को विकार हीन समझो सब जगत् को शुद्ध देहवाला समझो सब जगत् को एक शिवका रूप समझो ॥ ४१ ॥

तत्वं त्वं हि न सन्देहः किं जानाम्यथवा पुनः
असंवेद्य स्वसंवेद्यमात्मानं मन्यसेकथम् ॥ ४२

तू तत्वरूप है इसमें सन्देह नहीं है और इससे ज्यादामैं क्या कहूं परन्तु आत्माको, जो जाना न जाय और जो जान लिया जाय ये दोनों बात क्यों मानते हो ॥४२ ॥

मायाऽमाया कथं तात छायाछाया न विद्यते।
तत्वमेकमिदं सर्वं व्योमाकारं निरंजनम् ॥४३

हे तात ! जो मायाहै वह अमाया किस प्रकार हो सक्ती है जो छाया है वह अछाया कैसे हो सकतीहै यह सब एक तत्व है आकाश के समान है, शुद्ध है ॥ ४३ ॥

आदिमध्यान्तमुक्तोऽहं न बद्धोऽहं कदाचन।
स्वभावनिर्मलः शुद्ध इति मे निश्चिता मतिः॥

मैं आदि, मध्य, अन्त, से, मुक्त हूं मुझको बन्धन कभी नहीं है स्वभाव से निर्मल और शुद्ध हूं यह मेरी बुद्धि ने निश्चय किया है ॥ ४४ ॥

महदादि जगत्सर्वं न किंचित्प्रतिभाति मे।
ब्रह्मैव केवलं सर्वं कथं वर्णाश्रमस्थितिः॥४५॥

महत्तत्व से लेकर जो सब जगत है वह मुझको कुछ नहीं मालुम होता है केवल सब ब्रह्म ही है फिर वर्ण और आश्रम की स्थिति किस तरह है ॥ ४५ ॥

जानामि सर्वथा सर्वमहमेको निरन्तरम्।
निरालम्बमशून्यं च शून्यं व्योमादिपंचकम्४६

मैं अकेला ही सब तरह से सब जगत् को जानता हूँ वह नित्य है आधार रहित है शून्य नहीं है आकाश से आदि लेकर जो पांच तत्व हैं सो शून्य हैं ॥ ४६ ॥

न षण्ढो न पुमान्नस्त्री न बोधो नैव कल्पना।
सानन्दो वा निरानन्दमात्मानं मन्यसे कथं४७

आत्मा न नपुंसकहै, न पुरुषहै, न स्त्रीहै, न बोधहै, न कल्पनारूप है फिर आत्माको सानन्द वा निरानन्द क्यों मानता है ॥ ४७ ॥

षडंगयोगान्न तु नैव शुद्धं ।
मनोविनाशान्न तु नैव शुद्धम् ॥
गुरूपदेशान्न तु नैव शुद्धं ।
स्वयं च तत्वं स्वयमेव शुद्धम्॥ ४८॥

षडङ्ग योग से शुद्ध न होता होय यह बात नहीं है मनके नाशसे शुद्ध न होय यहभी बात नहीं है गुरूके उपदेश से शुद्ध न होय यहभी नहीं है अर्थात् इन सब बातोंसे शुद्ध होजाता है वह स्वयं तत्वहै आपही शुद्ध है ॥ ४८

नहि पंचात्मको देहो विदेहो वर्तते न हि ।
आत्मैव केवलं सर्वं तुरीयं च त्रयं कथम् ॥ ४९

पांच तत्वों से बना हुआ देह नहीं है विदेह भी नहीं है सब केवल आत्मा ही है फिर सुषुप्ति और समाधि आदि अवस्था किस तरह हैं ॥ ४९ ॥

न बद्धो नैव मुक्तोऽहं न चाहं ब्रह्मणः पृथक्।
न कर्ता न च भोक्ताहं व्याप्यव्यापकवर्जितः॥५०

न मैं बँधा हूँ न छूटा हूँ,न ब्रह्म से अलग हूं, नमैं करने वाला हूँ, न भोगने वाला हूँ व्याप्य और व्यापक इनसे वर्जित हूँ ॥ ५० ॥

यथा जलं जले न्यस्तं सलिलं भेदवर्जितम् ।
प्रकृतिं पुरुषं तद्वदभिन्नं प्रतिभाति मे ॥५१॥

जैसे जल में जल मिला देने से जलही होताहै कुछ भेद नहीं रहता है इसी तरह प्रकृति और पुरुष मुझको भिन्न नहीं मालूम होते हैं। ५१।

यदि नाम न मुक्तोऽसि न बद्धोऽसि कदाचन।
साकारं च निराकारमात्मानं मन्यसे कथम् ५२

जो तू न मुक्त है न बंधा हुआ है तौ अपने लिये साकार और निराकार क्यों मानता है॥ ५२॥

जानामि ते परं रूपं प्रत्यक्षं गगनोपमम्।
यथा परं हि रूपं यन्मरीचिजलसन्निभम्।५३।

तेरे असली रूप को मैं जानता हूं प्रत्यक्ष में आकाश के समान है और दूसरा जो रूप है सो मृगतृष्णा के जल के समान है॥ ५३॥

न गुरुर्नोपदेशश्च न चोपाधिर्न मे क्रिया।
विदेहं गगनं विद्धि विशुद्धोऽहं स्वभावतः५४

न मेरे गुरू है, न उपदेश है, न मेरे उपाधि है, न क्रिया है, आकाश रूपी देह है सो तू जान मैं स्वभाव से ही शुद्ध हूं॥ ५४॥

विशुद्धोऽस्यशरीरोऽसि न ते चित्तं परात्परं।
अहं चात्मा परं तत्वमितिवक्तुं न लज्जसे ५५

तू विशेष शुद्ध है देह रहित है सबसे परे जो चैतन्यहै वह तेरे नहीं है मैं आत्मा हूं परमतत्वहै यह कहने में तुझ को लाज नहीं आती है॥ ५५॥

कथं रोदिषि रेचित्त ह्यात्मैवात्मात्मना भव ।
पिब वत्सकलातीतमद्वैतं परमामृतम् ॥ ५६॥

रे चित्त! तू क्यों रुदन करता है तू परमात्मामें मिलजा हे वत्स! जिसमें कि कला नहीं है ऐसे अद्वैतरूपी परम अमृत का पान कर ॥ ५६ ॥

नैव बोधो न चाबोधो न बोधाबोध एवच ।
यस्येदृशः सदाबोधःस बोधो नान्यथा भवेत्५७

न तो वह बोध है, न अबोध है न इन दोनों के बीच में है जिसका कि इस प्रकारका ज्ञान है वही ज्ञानहै इसके विरुद्ध नही होसकता है ॥ ५७ ॥

ज्ञानं न तर्को न समाधियोगो ।
न देशकालौ न गुरूपदेशः ॥
स्वभावसंवित्तिरहंच तत्व ।
माकाशकल्पं सहजं ध्रुवंच ॥ ५८ ॥

न ज्ञान है, न तर्क है, न समाधि और योग है, न देशकाल है, न गुरूका उपदेशहै मैं स्वभावही से ज्ञानस्वरूप परम तत्व आकाश के समान स्वाभाविकऔर नित्यहूं ।

न जातोऽहं मृतो वापि न मे कर्म शुभाशुभम् ।

विशुद्धं निर्गुणं ब्रह्म बंधो मुक्तिःकथं मम॥५९॥

न मैं पैदा हुआ हूं, न मेरे शुभ अशुभ कर्म हैं, मैं विशुद्ध निर्गुण ब्रह्म हूं,मेरा बन्धन और मोक्ष किसप्रकार हो सकते हैं ॥ ५९ ॥

यदि सर्वगतो देवः स्थिरः पूर्णो निरन्तरः।
अन्तरं हि न पश्यामि सबाह्याभ्यन्तरःकथं॥६०

यदि वहदेव सर्वव्यापी है,स्थिरहै, पूर्णहै, नित्यहै,तौभी उसमें कुछ अन्तर नहीं देखताहूँ फिर वह बाहर और भीतर किस तरह से है ॥ ६० ।

स्फुरत्येव जगत्कृत्स्नमखण्डितनिरन्तरम् ।
अहो मायामहामोहो द्वैताद्वैतविकल्पना ॥६१॥

वह परमेश्वर अखंडित और निरंतर इस विश्वकोप्रकाशित करता है तब अत्यन्त आश्चर्य की बात है कि द्वैत और अद्वैत की जो कल्पना है वह माया का बडा भारी मोह है ॥ ६१ ॥

साकारं च निराकारं नेति नेतीत सर्वदा ।
भेदाभेदविनिर्मुक्तो वर्तते केवलः शिवः॥६२॥

साकार और निराकार दोनों के सम्बन्ध में सदा यहही कहा करते हैं कि यहभी नहीं, यहभी नहीं तब भेद और अभेद इन से अलग एक केवल शिवही वर्तमान है ॥६२॥

न ते च माता च पिता च बन्धु-
र्न ते च पत्नी न सुतश्च मित्रम्॥
न पक्षपातो न विपक्षपातः।
कथं हि संतप्तिरियं हि चित्ते॥६३॥

न तेरे माता है, न पिता है, न बन्धुहै, न स्त्रीहै, नतेरे पुत्रहै, न मित्र है, न तेरा किसीके साथ पक्षपात हैन विपक्षपात है फिर चित्तमें ऐसा सन्ताप क्यों है॥ ६३॥

दिवा नक्तं ने त चित्त उदयास्तमयौ न हि।
विदेहस्य शरीरत्वं कल्पयंति कथं बुधाः॥६४॥

रे चित्त! मैं तेरे सम्बन्ध में दिन रात नहींहैं, न उदय और अस्तहैं, पंडित लोग अशरीरी का शरीर किसप्रकार से कल्पना करते हैं॥ ६४॥

नाविभक्तं विभक्तं च नहि दुःखसुखादि च।
नहि सर्वमसर्वं च विद्धि चात्मानमव्ययम्॥६५॥

आत्मा के सम्बन्धमें न अभिक्तता है न विभक्तता है न सुखहै, न दुखहै न सम्पूर्णताहै न अपूर्णताहै आत्मा केवल विनाशरहित जानना चाहिये॥ ६५॥

नाहं कर्ता न भोक्ताच न मे कर्म पुराऽधुना।
न मे देहो विदेहो वा निर्ममेति ममेति किम्॥६६

न मैं कर्ताहूं न भोक्ताहूं न मेरे पहिले कर्मथे न अबहैं,

न मेरे देहहै, न विदेहहै, फिर निर्ममता और ममता कैसे हो सकते है ॥ ६६ ॥

न मे रागादिको दोषो दुःखं देहादिकं न मे।
आत्मानं विद्धि मामेकं विशालं गगनोपमम्६७

न मेरे विषयादिकदोषहैं,मेरे देहसे आदि लेकर दुःखभी नहीं हैं, मैं एक विशाल आकाशके समान आत्माहूं, सो जान ॥ ६७ ॥

सखे मनः किं बहु जल्पितेन ।
सखे मनः सर्वमिदं वितर्क्यम् ॥
यत्सारभूतं कथितं मया ते ।
त्वमेव तत्त्वं गगनोपमोऽसि ॥६८॥

हे सखे ! मन, बहुत कहनेसे क्या प्रयोजन है, हे सखे! मन, इस सब तर्क बितर्कसे भी क्या प्रयोजन है मैंने जो सारभूत तुझसे कहाहै वह तूही आकाशके समान परम तत्व है ॥ ६८ ॥

येन केनापि भावेन यत्र कुत्र मृता अपि ।
योगिनस्तत्र लीयंते घटाकाशमिवाम्बरे ।६९।

जिस किसी भावसे योगी जहां कहीं मरजाय वह परमात्मामें ऐसे लीन होजाता है जैसे घडेके फूटजाने पर उसका आकाशघडे आकाशमें लीन होजाताहै ॥ ६९॥

तीर्थे चान्त्यजगेहे वा नष्टस्मृतिरपि त्यजन् ।
समकाले तनुं मुक्तः कैवल्यव्यापको भवेत् ।७०।

जिसको स्मरण नहीं रहा ऐसा भी योगी तीर्थमें अथवा शूद्र के घर में समान समय में देह त्याग करै तौ संसारके बंधनों से छूटकर मोक्ष स्वरूप होजाता है ॥ ७० ॥

धर्मार्थकाममोक्षांश्च द्विपदादिचराचरम् ।
मन्यन्ते योगिनःसर्वं मरीचि जलसन्निभम् ७१

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, और मनुष्य से लेकर चराचर विश्व इन सबको योगीमृगतृष्णाके जल के समान झूठ समझते हैं ॥ ७१ ॥

अतीतानागतं कर्म वर्तमानं तथैव च ।
न करोमि न भुञ्जामि इति मे निश्चला मतिः ७२

जो बीत गये हैं जो आनेवाले हैं और वर्तमान ऐसेहैं जो कर्महैं उनको मैं न करता हूं नभोगता हूं यह मेरी निश्चल बुद्धि है ॥ ७२ ॥

शून्यागारे समरसपूत-
स्तिष्ठन्नेकः सुखमवधूतः ॥
चरति हि नग्नस्त्यक्त्वा गर्वं ।
विन्दति केवलमात्मनि सर्वम् ॥७३॥

सूने मकान में समान रस से पवित्र होकर अब

अकेला ही बडे सुख से रहता है घमंडको छोड़कर नंगा हो कर घूमता है वह केवल आत्मा के बीचमें सब आनन्द को प्राप्त होताहै ॥ ७३ ॥

त्रितयतुरीयं नहि नहि यत्र ।
विन्दति केवलमात्मनि तत्र ॥
धर्माधर्मौ नहि नहि यत्र ।
बद्धो मुक्तः कथ मिह तत्र ।

जिसमें कि सुषुप्ति; और समाधि, नहींहैं केवल आत्मा के बीच में चैतन्य को प्राप्त होता है जिसमें कि धर्म अधर्म नहीं हैं उसमे बंधन और मोक्ष किस तरह से हैं ७४

विन्दति विन्दति नहि नहि मन्त्राम् ।
छन्दोलक्षणं नहि नहिं तन्त्राम् ॥
समरसमग्नो भावितपूतः ।
प्रलापितमेतत्परमवधूतः ॥ ७५ ॥

मंत्र को नहीं जानता है, नहीं जानता है, छंदोंके लक्षणों को नहीं जानता है, तंत्र को नहीं जानता है, समान रसमें मग्न भावना से शुद्ध होकर एक अवधूत योगी इस गीतको गाताहै ॥ ७५ ॥

सर्वशून्यमशून्यं च सत्यासत्यं न विद्यते ।
स्वभावभावतः प्रोक्तं शास्त्रसंवित्तिपूर्वकम् ७६

सब जगत् शून्य है और अशून्य है सत्य और असत्य नहीं है शास्त्रके ज्ञान से और अन्तःकरण के भावसे यह कहा गया है ॥ ७६ ॥

इति श्री दत्तात्रेय विरचितायां अवधूतगीतायामात्म संवित्युपदेशोनाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

द्वितीयोऽध्याय

अवधूत उवाच।

बालस्य वा विषयभोगरतस्य वापि।
मूर्खस्य सेवक जनस्य गृहीस्थतस्य ॥
एतद्गुरोः किमपि नैव न चिन्तनीयं।
कथं त्यजति कोऽप्यशुचौ प्रविष्टम् ॥ १ ॥

बालक हो अथवा विषय भोग में फंसा हुआ हो मूर्ख होय, सेवकजन होय, गृहस्थहोय इस बात का सदुपदेष्टा गुरूके विषयमें कुछ विचार न करै जैसे कि गंदी जगह में पडे हुए रत्नको कोई नहीं छोडता है ॥ १ ॥

नैवात्र काव्यगुण एव तु चिन्तनीयो।
ग्राह्यः परं गुणवता खलु सार एव ॥

सिन्दूरचित्ररहिता भुवि रूपशून्या।
पारं न किं नयति नौरिह गन्तुकामान् ॥२॥

गुरूके सम्बन्ध में काव्य और गुणों का विहार नहीं करना चाहिये, गुणवान को सारही ग्रहण करना चाहिये, जो सिंदूरादि अनेक प्रकारके रंगोंसे चित्रित नहींहै ऐसी कुरूप नाव क्या पार जाने वालों को पार नहींलेजातीहै २

प्रयत्नेन विना येन निश्चलेन चलाचलम्।
ग्रस्तं स्वभावतः शान्तं चैतन्यं गगनोपमम्॥३

जो कि चलायमान नहीं है ऐसे परमात्माने यत्न के विनाही सब जगत को ग्रसलिया वह स्वभाव शांत है और चैतन्य है आकाश के समान है ॥ ३ ॥

अयत्नाच्चालयेद्यस्तु एकमेव चराचरम्।
सर्वगं तत्कथं भिन्नमद्वैतं वर्तते मम ॥ ४ ॥

जो कि अकेलाही विना यत्न के इस चराचर जगत् को चलायमान करता है सर्व व्यापी है वह पृथक कैसे हो सकता है वह अद्वैत है. मेरे हृदय को ऐसा ही प्रतीत होता है ॥ ४ ॥

अहमेव परं यस्मात्सारासारतरं शिवम्।
गमागमविनिर्मुक्तं निर्विकल्पं निराकुलम्॥५॥

मैं सार से भी सार, शिवरूप, गमन और आगमन से रहित, निर्विकल्प और निराकुल हूं ॥ ५ ॥

सर्वावयवनिर्मुक्तं तदहं त्रिदशार्चितम् ।
संपूर्णत्वान्न गृह्णामि विभागं त्रिदशादिकम् ६।

मैं सब अंग प्रत्यंग से हीन हूं देवता मेरा पूजन करते हैं, मैं देवादि का विभाग ग्रहण नहीं करता हूं क्योंकि मैं पूर्ण रूप हूं ॥ ६ ॥

प्रमादेन न संदेहः किं करिष्यामि वृत्तिवान् ।
उत्पद्यन्ते विलीयन्ते बुद्बुदाश्च यथाजले। ७

प्रमादयुक्त होनेपर मुझे कुछ सन्देह नहीं है वृत्तिवान होकर भी मैं क्या करूंगा जिस तरह जल से उत्पन्न हो होकर बुलबुले जल ही में लीन होजाते हैं वैसेही ये भी सब आत्मा से उत्पन्न होकर आत्माही में लीनहोजातेहैं

महदादीनि भूतानि समाप्यैवं सदैवहि ।
मृदुद्रव्येषु तीक्ष्णेषु गुडेषु कटु केषु च ॥ ८ ॥

जैसे जलमें बबूला पैदा होतेहैं और जलही में मिलजाते हैं इसी तरह महत् तत्व से आदि लेकर प्राणी पैदा होकर परमेश्वरमें लीन होजाते हैं ॥ ८ ॥

कटुत्वं चैव शैत्यत्वं मृदुत्वं च यथा जले ।
प्रकृतिः पुरुषस्तद्वदभिन्नंप्रतिभाति मे ॥९॥

कोमल पदार्थ तीखे पदार्थ गुड़ और कड़वी वस्तु इनमें

कडुआपन, चञ्चलता और कोमलता जलमें पतलापनजैसे वर्तमान है उससे अलग नहीं है इसी तरह प्रकृति और पुरुष अलग नहीं है, यह मुझको मालूम होता है ॥ ९ ॥

सर्वाख्यारहितं यद्धि सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं परम् ।
मनोबुद्धीन्द्रियातीतमकलंकं जगत्पतिम् १० ।
ईदृशं सहजं यत्र अहं तत्र कथं भवे ।
त्वमहं कथं तत्र कथं तत्र चराचरम् ॥ ११ ॥

परमात्मा सर्व नाम से रहित है सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है, परे है, मन, बुद्धि इन्द्रिय जहां नहीं पहुँच सकते हैं, कलङ्क रहित है, जगत का पति है ॥ १० ॥ जिसमें ऐसे गुण स्वाभाविक ही हैं, वहां मैं किस तरह से हूं, वहां तू कैसे है, और उस में चराचर जगत कैसे है ? ॥ ११ ॥

गगनोपमं तु यत्प्रोक्तं तदेव गगनोपमम् ।
चैतन्यं दोषहीनं च सर्वज्ञं पूर्णमेवच ॥ १२ ॥

जो आकाश के समान कहा गया है वह तो आकाश के समान ही है, चैतन्यस्वरूप है, निर्दोष है, सर्वज्ञ है पूर्ण है ॥ १२ ॥

पृथिव्यां चरितं नैव मारुतेन च वाहितम् ।
वारिणा प्रेरितं नैव तेजोमध्येऽवस्थितम् १३

वह पृथ्वी पर चलता नहीं है, हवा में उड़ा नहीं है, जल से ढका नहीं है, तेज में स्थित है ॥ १३ ॥

आकाशं तेन संव्याप्तं न तव्याप्तं च केनचित् ।
सबाह्याभ्यन्तरं तिष्ठत्यविच्छिन्नं निरन्तरम् १४

उससे आकाश व्याप्त है वह किसी से व्याप्त नहीं है वह बाहर और भीतर ठहरता है अखण्ड है और नित्य है ॥ १४ ॥

सूक्ष्मत्वात्तददृश्यत्वान्निर्गुणत्वाच्च योगिभिः ।
आलम्बनादि यत्प्रोक्तं क्रमादालम्बनंभवेत् १५

सूक्ष्म होने से, अदृश्य होने से, और निर्गुण होने से, योगियों ने आलम्बन आदि जो कहे हैं इस प्रकार ध्यान करे ऐसे प्रणायाम करे, ये आलम्बन क्रम से होता है १५

सततंऽभ्यासयुक्तस्तुनिरालम्बो यदा भवेत् ।
तल्लयाल्लीयते नान्तर्गुणदोषविवर्जितः ।१६।

निरन्तर अभ्यास करते करते जब योगी ध्यानादिक आलम्बनों से रहित होजाता है तब उस आलम्बन का लय होजाता है तब वह गुण दोषादि से विवर्जित हो, उस परमात्मा में लीन होकर तद्रूप होजाता है ॥ १६ ॥

विषविश्वस्य रौद्रस्य महामूर्छाप्रदस्य च ।
एकमेव विनाशाय ह्यमोघं सहजामृतम् । १७ ।

मोह और मूर्छा को देने वाला जोभयंकर विषरूपीविश्वहै नाश करने के लिये एक ही अनमोल सहज अमृत है ॥ १७ ॥

भावगम्यं निराकारं साकारं दृष्टिगोचरम् ।
भावाभावविनिर्मुक्तमन्तरालं तदुच्यते॥ १८॥

निराकार जो पदार्थ है वह भावगम्य है, अर्थात् हृदय में भावना द्वाराही जाना जाता है और साकार आंखों से दिखाई देता है, परन्तु भाव और अभाव इनसे जो अलग है उसको अन्तराल कहते हैं ॥ १८ ॥

बाह्यभावं भवेद्विश्वमन्तः प्रकृतिरुच्यते ।
अन्तरादन्तरं ज्ञेयं नालिकेरफलाम्बुवत् ॥ १९ ॥

बाहर की तरफ संसार है, भीतर माया है, और उस से भी भीतर परमात्मा जानने योग्य है जैसे नारियल तो विश्व है उसके भीतर गोला है वह माया है गोला के भीतर जो पानी है वह परमात्मा का रूप है ॥ १९ ॥

भ्रान्तिज्ञानं स्थितं बाह्ये सम्यग्ज्ञानं च मध्यगम्
मध्यान्मध्यतरं ज्ञेयं नालिकेरफलाम्बुवत् ॥२०॥

भ्रांति ज्ञान बाहर स्थित है अच्छा ज्ञान बीच में है उस के भी मध्य में नारियलके जलकी तरह वह चैतन्य है२०

पौर्णमास्यां यथा चन्द्र एक एवातिनिर्मलः ।
तेन तत्सदृशं पश्येदद्विधादृष्टिर्विपर्ययः॥२१ ।

पूर्णमासी में जैसे एक चन्द्रमा ही अति निर्मल है वैसे ही ईश्वर को देखें ! और भेद बुद्धि से देखना है वह आदमी की दृष्टि का फेर है ॥ २१ ॥

अनेनैव प्रकारेण बुद्धि भेदो न सर्वतः ।
दाता च धीरतामेति यीयते नामकोटिभिः॥२२
इसी प्रकार से बुद्धि का भेद सब में नहीं है जैसे दाता धीरज को प्राप्त होता है और उसका यश फैल जाता है इसी तरह परमात्मा का यश फैला हुआ है ॥ २२ ॥

गुरुप्रज्ञाप्रसादेन सूक्ष्मो वा यदि पण्डितः ।
यस्तु संबुध्यते तत्त्वं विरक्तो भवसागरात् ॥२३
गुरु और बुद्धि इनकी कृपा से सूक्ष्म हो अथवा पण्डित जो तत्वको जान लेता है वह भवसागर से छूट जाता है२३

रागद्वेषविनिर्मुक्तः सर्वभूतहिते रतः ।
दृढबोधश्च धीरश्च स गच्छेत्परमं पदम् ॥ २४ ॥
राग और द्वेष से जो अलग हो सब प्राणियों का हित करै, दृढ बोध हो, धीर हो वह परम पदको प्राप्त होता है ॥ २४ ॥

घटेसिन्ने घटाकाशं आकाशे लीयते यथा ।
देहाभावे तथा योगी स्वरूपे परमात्मनि ॥२५॥
घड़े के फूटने पर घड़े का आकाश जैसे बड़े आकाश में लीन होजाता है इसी तरह योगी देह के त्यागने पर अपने रूप परमात्मा में लीन होजाता है ॥ २५ ॥

उक्तैः कर्मफलानां नेतिनेत्युक्तयेव गतिः ।

न चोक्तयोगयुक्तानां सतिर्यान्तऽपि सा गतिः २६

जिनने कर्म छोड़ दिये हैं उनकी यह गति कही है जो अंतरायरहित बुद्धि होजाती है वही गति होती है ॥ २६ ॥

या गतिः कर्मयुक्तानां सा च वागिंद्रियाद्भवेत् ।
योगिनां या गतिः क्वापि वाच्यावाच्यभवेज्जिता २७

कर्म युक्तों की जो गति है वह वाणी और इन्द्रियों से होती है योगियों की जो गतिहै वह कभी कहने में नहीं आसकती और वह आपसे बढी हुई है ॥ २७ ॥

एवं ज्ञात्वा त्वसुं मार्गं योगिनां नैव कल्पितम् ।
विकल्पवर्जनं तेषां स्वयं सिद्धिः प्रवर्तते॥२८॥

जो कल्पना नहीं किया गया है और विकल्पसे वर्जित है ऐसे योगियों के इस मार्ग को जानकर उनकी सिद्धि आपही होजाती है ॥ २८ ॥

तीर्थे वान्त्यजगेहे वा यत्र कुत्र मृतोऽपि वा ।
न योगी पश्यते गर्भं परे ब्रह्मणि लीयते॥२९॥

तीर्थ में अथवा शूद्रके घर में जहां कहीं योगी मरजाय वह माता के गर्भ में नहीं आता है परब्रह्म में लीन होजाता है ॥ २९ ॥

सहजभजनाचिन्त्यं यस्तु पश्येत्स्वरूपं ।
चरति यदि यथेष्टं लिप्यते नैव दोषैः ॥ ३० ॥

सकृदपि तदभावत्कर्म किंचिन्न कुर्यात्त-
दपि न च विबद्धःसंयमी वा तपस्वी ३०

स्वाभाविक, अजन्मा और जो विचार करने में न आवे ऐसे स्वरूप को जो देखे और अच्छी तरह चेष्टाकरे वह दोषों से लिप्त नहीं होता है योगी हो अथवातपस्वी उसके बिना कुछ काम न करे वह फिर बन्धन को प्राप्त नहीं होता है ॥ ३० ॥

निरामय निष्प्रतिमं निराकृतिं ।
निराश्रयं निर्वपुषं निराशिषम् ॥
निर्द्वन्द्वनिर्मोहमलुप्तशक्तिकं ।
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम्॥३१॥

जिस में कोई रोग नहीं है जिसकी प्रतिमा नहीं है स्वरूप नहीं है कोई आश्रय नहीं है जिसके कोई अंग नहीं है जिसके कोई सुख नहीं है और सुख दुख नहीं है मोह रहित, सर्व शक्तिमान, नित्य, ऐसे आत्मा को प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥

वेदो न दीक्षा न च मुण्डनाक्रिया ।
गुरुर्नाशिष्यो न च यंत्रसंपदः ॥
मुद्रादिकंचापि न यत्र भासते ।
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ।३२।

जिसके बीच में न वेद, न दीक्षा, न मंडलक्रिया, न गुरु न शिष्य न यंत्र न मुद्रादिक प्रकाश करते हैं ऐसे नित्य ईश्वर आत्मा को योगी प्राप्त होता है ॥ ३२ ॥

न शांभवं शाक्ति कमानवं न वा।
पिण्डं च रूपं च पदादिकं न वा ॥
आरम्भनिष्पत्तिघटादिकं च नो।
तमशीमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥३३॥

न तो वह शिवका स्वरूप है न वह शाक्त है न मनुष्य है न पिंड है न रूप है न चरण से आदि लेकर उसके शरीर है न तो उसका आदिहै न अंत है न घड़े से आदि लेकर कोई वस्तु है ऐसे निरंतर ईश्वर आत्मा को योगी प्राप्त होता है॥ ३३ ॥

यस्य स्वरूपात्सचराचरं जगत्।
उत्पद्यते तिष्ठति लीयतेऽपिवा ॥
पयोविकारादिव फेनबुद्बदास्त-
मीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥३४॥

जिसके स्वरूप से चराचर जगत् पैदा होता है, स्थित होता है, और लीन होजाता है जैसे कि जलसे झाग और बबूला पैदा होते हैं और उसीमें लीन होजाते हैं उस नित्य ईश्वर आत्मा को योगी प्राप्त होता है॥ ३४॥

नाशो निरोधो न च दृष्टिसंस्थं ॥
बोधेऽप्यबोधोऽपि न यत्र भासते ॥
नाड्यप्रचारोऽपि न यत्र किंचित् ।
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥२५॥

न तो उसमें नाक का रोकना न दृष्टि है न वह बैठता है, बोध और अबोध भी जिसमें प्रकाश नहीं करता है जिसमें नाड़ियां नहीं चलती हैं उस नित्य ईश्वर आत्मा को प्राप्त होता है। २५ ॥

नानात्वमेकत्वसुभत्वभिन्नता ।
अणुत्वदीर्घत्वमहत्त्वशून्यता ॥
मानत्वमेयत्वसमत्ववर्जितं ।
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥२६॥

उसमें अनेकपना नहीं है, एकत्व नहीं है, भेद भी नहीं है, छोटापन, लम्बपन बड़ापन ये भी उसमें नहीं है, प्रमाण, अप्रमाण, समता, इनसे वर्जित है, उस नित्य ईश्वर आत्मा को योगी प्राप्त होता है ॥ २६ ॥

सुसंयमी वा यदि वा न संयमी ।
सुसंग्रही वा यदि वा न संग्रही ॥
निष्कर्मको वा यदि वा सकर्मकः ।
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥२७॥

अच्छी तरह जितेन्द्री हो अथवा न हो अच्छी तरह संग्रह करने वाला हो अथवा न हो कर्म करता हो अथवा न करता हो सर्वव्यापी जो ईश्वर आत्मा है उसको प्राप्त होता है ॥ ३७ ॥

मनो न बुद्धिर्नशरीरमिंद्रियं ।
तन्मात्रभूतानि न भूत पञ्चकम् ।
अहंकृति श्चापि वियत्स्वरूपकं ॥
तमीशमात्मानमुपैति शाश्वतम् ॥३८॥

न उसमें मन है, न बुद्धि है, न शरीर है, न इन्द्रिय है न पंचभूत है, न इन्द्रियों की मात्रा है, अहंकार भी नहीं है, शून्य रूप है, वह ईश्वर नित्य आत्मा है, उसको जीव प्राप्त होता है ॥ ३८ ॥

विधौ निरोधे परमात्मतां गते ।
न योगिनश्चेतसि भेदवर्जिते ॥
शौचं न वाशौचमलिङ्गभावना ।
सर्वं विधेयं यदि वा निषिध्यते ॥३९॥

विधि, आज्ञा, निरोध, रोकना ये जब परमात्मा को प्राप्त होजाय तब भेद रहित योगी के चित्त में न शौच है न अशुद्ध है और चिन्ह रहित जो पदार्थ है उसकी भावना और न विधि निषेध रहता है ॥ ३९ ॥

मनो वचो यत्र न शक्तमीरितुं ।


नूनं कथं यत्रगुरूपदेशता ॥
इमां कथामुक्तवतो गुरोस्तद् ।
युक्तस्य तत्त्व हि समंप्रकाशते ॥४०॥

जिसमें मन और वचन नहीं पहुँच सकते हैं उसमें निश्चय गुरू को उपदेश कैसे बन सकता है, इस कथा को कहने वाला जो योग्य गुरू है उसको यह तत्व समान प्रकाशित होता है ॥ ४० ॥

इतिश्री दत्तात्रेय विरचितायां अवधूतगीतायामात्म
'संविल्युपदेशो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥



❀ तृतीयोऽध्यायः ❀



अवधूत उवाच ।

गुण विगुणाविभागो वर्तते नैव किंचित् ।
रतिविरतिविहीनं निर्मलं निष्प्रपंचम् ॥
गुणविगुणविहीनं व्यापकं विश्वरूपं ।
कथमहमिह वन्दे व्योमरूपं शिवं वै ॥१॥

अवधूत बोला—जिसमें गुण और अवगुण का विभाग नहीं है जिसमें कुछ प्रीति और द्वेष नहीं है वह शुद्ध है माया से रहित है गुण और अवगुणसे हीन है व्यापक

है सब विश्व उसीका रूप है ऐसे शून्यरूप शिवको किस प्रकार वन्दना करूं ॥ ३५ ॥

श्वेतादिवर्णरहितो नियतं शिवश्च ।
कार्यं हि कारणमिदं हि परं शिवश्च ॥
एवं विकल्प रहितोऽहमलं शिवश्च ।
स्वात्मानमात्मनि सुमित्रकथं नमामि २

सफेद से आदि लेकर उसमें रंग नहीं हैं नित्य कल्याण रूप है कार्य कारण रूप है शिव है इस प्रकार भेद रहित मैं अत्यन्त शिव हूं हे मित्र ! अपने आत्मा के बीच में आत्माको किस तरह नमस्कार करूं ॥ २ ॥

निर्मूलभूलरहितो हि सदादितोऽहं ।
निर्धूमधूमरहितो हि सदादितोऽहम् ॥
निर्दीपदीप रहितो हि सदोदितोऽहं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ।३।

जो मूल नहीं हैं और मूल दिखाई देता है उससे मैं अलग हूं सदा उदय हूं जो धूआ नहीं है और धूआ दिखाई देता है उससे अलग हूं सदा उदय हूं ज्ञानामृतरूप हूं आशाके समान हूं समर हूं ॥ ३ ॥

निष्कामकामभिहनाम कथं वदामि ।
निःसंगसंगमिहनाम कथं वदामि ॥
निःसारसारहितं च कथं वदामि ।

ज्ञानामृत समरसं गगनोपमोऽहम् । ४ ।

कामना रहित जो काम है उसका वर्णन कैसे करूं, निःसंग को संगता में किस प्रकार कहूं निःसार को साररहिततत्व कैसे कहूं मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूं, समान रस हूं, आकाश के समान हूं ॥४॥

अद्वैतरूपमखिलं हि कथं वदामि ।
द्वैतस्वरूप मखिलं हि कथं वदामि ॥
नित्यं त्वनित्यमखिलं हि कथं वदामि ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥५॥

वह सम्पूर्ण अद्वैत रूप है उसका वर्णन कैसे करूं, सम्पूर्ण द्वैत स्वरूप है निश्चय करके कैसे वर्णन करूं, सम्पूर्ण नित्य और अनित्य रूप है कैसे वर्णन करूं, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूं. समान रस हूं. आकाश के समान हूं ॥ ५ ॥

स्थूलं हि नो नहि कृशं न गतागतं हि ।
आद्यन्तमध्यरहितं न परापरं हि ॥
सत्यंवदामि खलु वै परमार्थतत्त्वं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ ६ ॥

न तौ वह स्थूल है, न कृश है न जाता है न आता है, आदि, अन्त, मध्य इनसे रहित है उसके पहिला पिछला

नहीं है मैं परमार्थ तत्व को निश्चय सत्य कहता हूं, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ, समान रस हूं आकाश समान हूं ॥ ६ ॥

संविद्धि सर्वकरणानि नभोनिभानि ।
संविद्धि सर्वविषयांश्च नभोनिभांश्च ॥
संविद्धि चैकममलं न हि बन्धमुक्तं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥७॥

सब इन्द्रियों को आकाश के समान न समझो, सब विषयों को आकाश के समान समझो, निर्मल एक है बन्धन उसमें है नहीं। सो जान मैं अमृत स्वरूप हूं, समान रस हूं, आकाशके समान हूं॥ ७ ॥

दुर्बोधबोधगहनं न भवामि तात ।
दुर्लक्ष्यलक्ष्यगहनो न भवामि तात ॥
आसन्नरूपगहनो न भवामि तात ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥८॥

खोटा ज्ञान मुझको नहीं है, कठिन से जो देखने में आवे ऐसा भी नहीं हूं, हे तात ! समीप में प्राप्त होनेवाला जिसका रूप है ऐसा भी नहीं हूं, हे तात ! मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूं समान रस हूं आकाश के समान हूं,॥८॥

निष्कर्म कर्मदहनो ज्वलनो भवामि ।
निर्दुःखदुःखदहनो ज्वलनो भवामि ॥

निर्देहदेहदहनो ज्वलनो भवामि ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥ ९ ॥

जो कर्म नहीं हैं और देखने में कर्म मालुम होता है उनके जलानेवाला मैं अग्नि हूं सुख और दुःख इनको जलानेवाला मैं अग्नि हूं जो देह नहीं है और देह सरीके मालुम होते हैं उनको जलानेवाला मैं अग्नि हूं ज्ञान और अमृत रूप हूं समान रस हूं आकाश के समान हूं ॥ ९ ॥

निष्पापपापदहनो हि हुताशनोऽहं ।
निर्धर्मधर्मदहनो हि हुताशनोऽहम् ॥
निर्बन्धबन्धदहनो हि हुताशनोऽहं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ १०॥

पाप और पुण्य इनको जलानेवाला अग्नि हूं. जो धर्म नहीं हैं और धर्म सरीके मालुम होते हैं उनके जलानेवाला मैं निश्चय अग्नि हूं मोक्ष और बन्धन इनके जलानेवाला मैं निश्चय अग्नि हूं ज्ञान और अमृत रूप हूं समान रस हूं आकाश के समान हूं ॥ १० ॥

निर्भावभाव रहितो न भवामि वत्स ।
नियोगयोग रहितो न भवामि वत्स ॥
निश्चित्तचित्तरहितो न भवामि वत्स ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ ११ ॥

हे वत्स ! मैं भाव और अभाव से रहित नहीं हूँ, हे वत्स ! मैं नियोग और योग से रहित नहीं हूं, हे वत्स ! मैं चैतन्य और अचैतन्य से रहित नहीं हूं, ज्ञान और अमृत रूप हूँ समान रस हूँ आकाश के समान हूं ॥ ११ ॥

निर्मोहमोहपदवीति न मे विकल्पो।
निःशोकशोकपदवीति नमे विकल्पः॥
निर्लोभलोभपदवीति न मे विकल्पो।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्। १२।

बैर और प्रीत मुझमें नहीं है और भेद नहीं है सुख और दुख नहीं हैं उदारता और लोभ ये मुझ में नहीं है भेद नहीं है मैं ज्ञान और अमृत रूप हूं, समानहूं अकाश के समान हूं ॥ १२ ॥

संसारसंततिलता न च मे कदाचित्।
संतोषसंततिसुखं न च मे कदाचित्॥
अज्ञानबन्धनमिदं न च मे कदाचि-
ज्ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्। १३।

मुझ में संसार की फैली हुई लता कभी नहीं है संतोष का विस्तार युक्त सुख मुझमें नहीं है ये अज्ञान का बंधन मुझ में कभी नहीं है मैं ज्ञान और अमृतरूप हूं समान रस हूँ आकाश के समान हूँ ॥ १३ ॥

संसारसंततिरजो न च मे विकारः।
संतापसंततितमो न च मे विकारः॥
सत्वं स्वधर्मजनकं न च मे विकारः।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्।१४।

संसार के विस्तार की रज मेरे बीच में नहीं है न उसका विकार है न मेरे दुख का तमोगुण है न उसका विकार है अपने धर्म को पैदा करने वाला तमोगुणभी नहीं है न विकार है, मैं ज्ञान और अमृतरूप हूं समान रस हूँ आकाश के समान हूं।। १४ ॥

संतापदुःखजनकोन विधिःकदाचित्।
संतापयोगजनितं न मनः कदाचित्॥
यस्मादहंकृतिरियं न च मे कदाचि-
ज्ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्१५

संताप और दुःखको पैदा करनेवाली विधि मुझमें नहीं है संताप और योग से पैदा हुआ मन भी कभी नहीं है क्योंकि मेरे कभी अहंकार नहीं है मैं ज्ञान और अमृत रूप हूं समान रस हूँ आकाशके समान हूँ॥ १५ ॥

निष्कम्पकम्पनिधनं नाविकल्पकल्पं।
स्वप्नप्रबोधनिधनं न हिताहितं हि॥
निःसारसारनिधनं न चराचरं हि।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्।१६।

विकार रहित जो विकार है सो झूंठा है जो विलक्षणता से रहित विलक्षणहै वह असत्य है यदि सत्य है तौ केवल आत्मा है हे मन ! तू सबकी तरह क्यों रोता है॥१६॥

नो वेद्यवेदकमिदं न च हेतुतर्क्यं ।
वाचामगोचरमिदं न मनो न बुद्धिः ।
एवं कथं हि भवतः कथयामि तत्वं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥१७॥

यह वेद्य वा वेदक नहीं है कर्म वा कारण नहीं है, यह वाक्य से अगोचर है, मन और बुद्धि इसको नहीं पा सका है, इस प्रकार मैं आत्मतत्व को किस तरह कह सकता हूँ, मैं ज्ञानामृत समरस और आकाश के समान हूँ॥ १७ ॥

निर्भिन्नभिन्नरहितं परमार्थतत्वम् ।
अन्तर्बहिर्नहि कथं परमार्थतत्वम् ॥
प्राक्संभवं न च रतं नहि वस्तु किंचि-
ज्ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहं॥१८

यह निर्भिन्न भेद रहित परमार्थ तत्व है, इसके भीतर बाहर कुछ नहीं है, प्राक्संभवता नहीं है, लिप्तता नहीं है, इसके अतिरिक्त और कुछ वस्तु नहीं है, यह ज्ञानामृत समरस और आकाश के समान है॥ १८॥

रागादिदोषरहितं त्वहमेव तत्त्वं।
देवादिदोषरहितं त्वहमेव तत्त्वम् ॥
संसारशोकरहितं त्वहमेव तत्त्वम्।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहं ॥१९॥

अहंतत्व, रागादि दोषरहित, देवादि दोष रहित, संसार शोकरहित; अहंतत्व, ज्ञानामृत समरस और गगनोपम हूँ ॥ १९ ॥

स्थानत्रयं यदि च नेति कथं तुरीयं।
कालत्रयं यदि च नेति कथंदिशश्च ॥
शान्तं पदं हि परमं परमार्थतत्त्वं।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥२०॥

अहंतत्व सम्बन्ध में जाग्रत स्वप्न सुषुप्तावस्था रूप स्थानत्रय नहीं है, तब तीसरा कैसे हो सकता है, अहंतत्व सम्बन्ध में कालत्रय नहीं है, तब सम्पूर्ण दिशा कैसे हो सकती हैं परमार्थ तत्व परम शांतिप्रद स्वरूप, ज्ञानामृत, समरस और गगनोपम हूँ ॥ २० ॥

दीर्घो ह्रस्वःपुनरितीह न मे विभागो।
विस्तारसंकटमितीह न मे विभागः ॥
कोणं हि वर्तुलमितीह न मे विभागो।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ २१ ॥

मेरे दीर्घ और लघु विभाग कुछ नहीं है, विस्तीर्ण और संकीर्ण ये विभाग भी नहीं है, कोण और गोल ये विभाग भी मेरे नहीं है, परन्तु मैं ज्ञानामृत समरस और गगनोपम हूं ॥ २॥

मातापितादि तनयादि न मे कदाचि-
ज्जातं मृतं न च मनो न च मेकदाचित्।
निर्व्याकुलं स्थिर मिदं परमार्थतत्त्वं।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ २२।

मेरे माता, पिता को पुत्रादि कभी नहीं हुए, न मैंने कभी जन्म लिया न मैं मरा, मेरे कभी मन स्थिर है यह परमार्थ तत्व व्याकुलता रहित, स्थिर हैं मैं ज्ञानामृत, समरस और गगनोपम हूं।। २२ ॥

शुद्धं विशुद्धमविचारमनन्तरूपं।
निर्लेपलेपमविचारमनन्तरूपम् ॥
निष्खण्डखण्डमविचारमनन्तरूपम्।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥२३॥

मैं शुद्ध, विशुद्ध, अविचार्य और अनन्तरूप हूँ, मैं निर्लेपलेप अनन्तरूप हूँ मैं निखण्ड खण्ड अविचार और अनन्तरूप हूँ, मैं ज्ञानामृत समरस और गगनोपम हूँ ॥ २३ ॥

ब्रह्मादयः सुरगणाः कथमत्र संति ।
स्वर्गादयो वसतयः कथमत्र संति ॥
यद्येकरूपममलं परमार्थतत्त्वं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ २४॥

जो वह परमार्थ तत्व एक रूप है निर्मल है, तो उसमें ब्रह्मादिक देवता कैसे हैं, स्वर्गादिक स्थान कैसे हैं, मैं ज्ञान और अमृत रूप हूं समान रस हूँ आकाश के समान हूं ॥ २४ ॥

निर्नीति नीति विमलोहि कथं वदामि ।
निःशेषशेषविमलो हि कथं वदामि ॥
निर्लिङ्गलिंगविमलो हि कथं वदामि ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ २५॥

अस्ति और नास्ति इनसे निश्चय शुद्ध है उसका वर्णन कैसे करूं, अशेष और शेष इनसे शुद्ध है उसका वर्णन कैसे करूँ, चिन्ह और अचिन्ह इनसे वह निश्चय शुद्ध है उसका वर्णन कैसे करूँ, मैं ज्ञान और अमृत रूप हूं, समानरस हूं आकाश के समान हूं ॥ २५ ॥

निष्कर्मकर्मपरमं सततं करोमि ।
निःसंगसंगरहितं परमं विनोदम् ॥
निर्देहदेहरहितं सततं विनोदं ।

ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥२६॥

कर्म और अकर्म इनको अच्छी तरह करता हूं, संग और कुसंग इन से रहित हूं, ये परम आनन्द है, देह और विदेह से रहित हूं. ये बडा आनन्द है, मैं ज्ञान और अमृतरूप हूं समान रस हूँ आकाश के समान हूँ ॥ २६ ॥

मायाप्रपंचरचना न च मे विकारो ।
कौटिल्यदम्भरचना न च मे विकारः ।
सत्यानृतेतिरचना न च मे विकारो ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ २७ ॥

न तो मेरे माया का प्रपञ्च है न विकार है न कुटिलता और न कपट है न उसका विकार है सत्य और असत्य नहीं है न विकार है, मैं ज्ञान और अमृतरूपहूं समान रस हूँ आकाश के समान हूं ॥ २७ ॥

संध्यादिकालरहितं न च मे वियोगो ।
ह्यन्तःप्रबोधरहितं बधिरो न मूकः ॥
एवं विकल्परहितं न च भावशुद्धं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥२८॥

मैं सन्ध्यादि कालों से रहित हूँ, मेरा वियोग नहीं है भीतर मेरे ज्ञान है, न बहिरा हूं, न गूँगा हूं, इसप्रकार

विकल्प से रहित हूँ, भावना से शुद्ध नहीं हूँ. मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ, समान रस हूँ, आकाश के समान हूँ ॥ २८ ॥

निर्नाथनाथरहितं हि निराकुलं वै ।
निश्चित्तचित्तविगतं हि निराकुलं वै ॥
संविद्धि सर्वविगतं हि निराकुलं वै ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥२९॥

जो नाथ नहीं हैं नाथ सरीके मालूम होते हैं उनसे मैं अलग हूँ, व्याकुलता रहित हूँ, जो चैतन्य नहीं है और चैतन्य सरीका मालूम होता है उनसे मैं अलग हूँ व्याकुल नहीं हूँ, सर्वव्यापी हूँ,सो जान,मैंज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ, समान रस हूँ आकाश के समान हूं॥ २९॥

कान्तारमन्दिरमिदं हि कथं वदामि ।
संसिद्धसंशयमिदं हि कथं वदामि ॥
एवं निरन्तरसमं हि निराकुलं वै ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥३०॥

कान्तार मन्दिर वा संसिद्ध संशय किस प्रकार कहूँ,मैं निरन्तर सम निराकुल, ज्ञानामृत, समरस और आकाश के समान हूं॥ ३० ॥

निर्जीवजीवरहितं सततं विभाति ।

निर्बीजबीजरहितं सततं विभाति ॥
निर्बाणबन्धरहितं सततं विभाति ॥
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥३१॥

वह ईश्वर जड़ और चेतन से रहित होकर निरन्तर प्रकाश करता है बन्धन और मोक्ष से रहित होकर निरन्तर प्रकाश करता है, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ समान रस हूँ आकाश के समान हूँ ॥ ३१ ॥

संभूतिवर्जितमिदं सततं विभाति ।
संसारवर्जितमिदं सततं विभाति ॥
संहारवर्जितमिदं सततं विभाति ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥३२॥

यह ईश्वर विभूतियों से रहित प्रकाश करता है, यह निरन्तर संसार से वर्जित प्रकाश करता है यह निरन्तर प्रलय से रहित प्रकाश करता है, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ समान रस हूँ आकाश के समान हूँ ॥ ३२ ॥

उल्लेखमात्रमपि ते न च नामरूपं ॥
निर्भिन्नभिन्नमपि ते न हि वस्तु किंचित् ।
निर्लज्ज मानस करोषि कथं विषादं ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥३३॥

तेरे नाम रूप लिखने मात्र के भी नहीं, भेद और अभेद ये वस्तु तेरे कुछ नहीं है, हे निलज्ज ! मानस ! मन तू क्यों दुखी होता है, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ समान रस हूँ आकाश के समान हूं ॥ ३३ ॥

किं नाम रोदिषि सखे न जरा न मृत्युः ।
किं नाम रोदिषि सखे न च जन्मदुःखम् ॥
किं नाम रोदिषि सखे न च ते विकारो ।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ ३४॥

हे सखे ! तू क्यों रुदन करताहै, न तेरे बुढापा है, न मृत्यु है, हे सखे ! तू क्यों रुदन करता है, न तेरे जन्म है न दुःख है, हे सखे, तू क्यों रोता है तेरे विकार नहीं है मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ समान रस हूं आकाश के समान हूँ ॥३४॥

किं नाम रोदिषि सखे न च ते स्वरूपं ।
किं नाम रोदिषि सखे न च ते विरूपम् ॥
किं नाम रोदिषि सखे न च ते वयांसि ॥
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम् ॥ ३५ ॥

हे सखे ! तू क्यों रोता है तेरे स्वरूप नहीं है हे सखे! तू क्यों रोता है तेरे बुरा रूप नहीं है हे सखे! तू क्यों रोता है तेरे अवस्था नहीं है, मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूँ समान रस हूँ आकाश के समान हूँ ॥ ३५ ॥

किं नाम रोदिषि सखे न च ते वयांसि।
किं नाम रोदिषि सखे न च ते मनांसि॥
किं नाम रोदिषि सखे न तवेन्द्रियाणि।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥३६॥

हे सखे! क्यों रोता है तेरे अवस्था नहीं है, हे सखे! क्यों रोता है, तेरे मन नहीं है, हे सखे क्यों रोता है, तेरे इन्द्रियां नहीं हैं मैं ज्ञान और अमृत स्वरूप हूं समान रस हूं आकाश के समान हूं॥ ३६॥

किं नाम रोदिषि सखे न च तेऽस्ति कामः॥
किं नाम रोदिषि सखे न च ते प्रलोभः।
किं नाम रोदिषि सखे न च ते विमोहः।
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्॥३७॥

